
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 161 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...डेमोक्रेसी तो आने से रही



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 26 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39 | 2 इमरान ने फिर अलापा कश्मीर राग | 7 कोहली का धीमा खेलना समझ से परे

# चरमपंथ, आतंकवाद का खतरा बढ़ा

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में बिना नाम लिए पाकिस्तान और चीन पर पीएम मोदी का प्रहार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयार्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76 वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना बहुत जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकी हमलों के लिए न हो। हमें इस बात के लिए भी सतर्क रहना होगा वहां कि नाजुक स्थितियों का इस्तेमाल कोई देश अपने स्वार्थ के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश न करे। इस समय अफगानिस्तान की जनता को वहां की महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यक आबादी को मदद की जरूरत है। इसमें हमें अपना दायित्व निभाना ही होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने आंतकवाद को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रतिगामी सोच के साथ, जो देश आतंकवाद का राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें ये समझना होगा कि आतंकवाद, उनके लिए भी उतना ही बड़ा खतरा है। आज विश्व के सामने प्रतिगामी सोच और चरमपंथ का खतरा बढ़ता जा रहा है। इन परिस्थितियों में, पूरे विश्व को विज्ञान आधारित, तर्कसंगत और प्रगतिशील सोच को विकास का आधार बनाना ही होगा।

**ओसियन रिसोर्सेज को हम यूज करें अब्यूज नहीं**

चीन का बगैर नाम लिए निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारे समुद्र भी हमारी साझी विरासत है इसलिए हमें ये ध्यान रखना होगा कि ओसियन रिसोर्सेज को हम यूज करें अब्यूज नहीं। हमारे समुद्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार की लाइफलाइन भी हैं। इन्हें हमें एक्सपैंशन और एक्सक्लूजन की दौड़ से बचाकर रखना होगा।



### लोकतंत्र की हमारी हजारों वर्षो की महान परंपरा रही है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसे मदर आफ डेमोक्रेसी का गौरव हासिल है। लोकतंत्र की हमारी हजारों वर्षों की महान परंपरा रही है। इस 15 अगस्त को भारत ने अपनी आजादी के 75 वें साल में प्रवेश किया। हमारी विविधता, हमारे सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। एक ऐसा देश जिसमें दर्जनों भाषाएं हैं, सैकड़ों बोलियां हैं, अलग–अलग रहन सहन, खान–पान है। ये वाइब्रेंट डेमोक्रेसी का उदाहरण है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष के अवसर पर भारत भारतीय छात्रों द्वारा बनाए गए 75 उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने जा रहा है।

कोरोना टीकाकरण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का वैक्सीन डिलीवरी प्लेटफार्म कोवीन एक ही दिन में करोड़ों वैक्सीन डोज लगाने के लिए डिजीटल सहायता दे रहा है। मैं यूएनजीए को ये जानकारी देना चाहता हूं कि भारत ने दुनिया की पहली डीएनए वैक्सीन विकसीत कर ली है, जिसे 12 साल से ज्यादा आयु के सभी लोगों को लगाया जा सकता है। मैं आज दुनियाभर के वैक्सीन मैन्युफैक्चर्स को भी आमंत्रित करता हूं कि आइए और भारत में वैक्सीन बनाइए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये भारत के लोकतंत्र की ताकत है कि एक छोटा बच्चा जो कभी एक रेलवे स्टेशन की टी स्टाल पर अपने पिता की मदद करता था वो आज चौथी बार भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर यूएनजीए को संबोधित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना महामारी को लेकर कहा कि गत डेढ़ वर्ष से पूरा विश्व 100 साल में आई सबसे बड़ी महामारी का सामना कर रहा है। ऐसी भयंकर महामारी में जीवन गंवाने वाले सभी लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं और परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

### यूएन पर आज कई तरह के सवाल खड़े हो रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76 वें सत्र को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र के विस्तार को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखना है तो उसे अपनी इफेक्टिवनेस को सुधारना होगा, रिलायबिलिटी को बढ़ाया होगा। यूएन पर आज कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे छद्म युद्ध और मौजूदा अफगान संकट ने इन सवालों को और बढ़ा दिया है। एक महान भारतीय रणनीतिकार चाणक्य ने कहा था कि जब सही समय पर सही काम नहीं किया जाता है, तो समय ही उस काम की सफलता को नष्ट कर देता है। संयुक्त राष्ट्र को अपनी प्रभावशीलता में सुधार करना होगा और अपनी विश्वसनीयता बढ़ानी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस में शामिल होंगे कन्हैया और जिग्नेश मेवाणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और सीपीआई नेता कन्हैया कुमार के कांग्रेस के शामिल होने की खबरें सामने आ रही है। सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि गुजरात से सीपीआई नेता कन्हैया कुमार और आरडीएएम विधायक जिग्नेश मेवानी 28 सितंबर को कांग्रेस में शामिल होंगे। हालांकि, इसकी अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### कोरोना के मामलों में उतार–चढ़ाव जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामलों में उतार–चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटों में भारत में 29,616 नए मामलों के साथ 290 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही 28,046 मरीजों ने कोरोना को मात दी है। इन मामलों के बाद रिकवरी दर वर्तमान में 97.78 प्रतिशत है। कोरोना के नए मामलों के आने के बाद सक्रिय मामलों की संख्या 3,01,442 पहुंच गई है।

# आग बुझाने वाला बनकर लगाता है आग

## कश्मीर पर भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के खिलाफ जमकर आग उगली है लेकिन जवाब में भारतीय फर्स्ट सेक्रटरी स्नेहा दुबे ने उनकी बखिया उधेड़ डाली। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र में भाषण के दौरान कश्मीर के मुद्दे पर इमरान ने भारत को घेरने की कोशिश की तो स्नेहा ने उन्हें आईना दिखा डाला। स्नेहा ने याद दिलाया कि सारी दुनिया यह मानती है कि पाकिस्तान की जमीन पर आतंकी पलते भी हैं और खुलेआम उन्हें सपॉर्ट किया जाता है। उन्होंने पाकिस्तान से सीधे मांग की अवैध तरीके से कब्जाए कश्मीर के हिस्सों को फौरन खाली कर दे।

इमरान को उनके भाषण पर भारत की फर्स्ट सेक्रटरी स्नेहा दुबे ने बुरी तरह धो डाला। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी नेता ने संयुक्त राष्ट्र के मंच का इस्तेमाल भारत के खिलाफ गंदा और गलत प्रॉपगैंडा फैलाने के लिए किया और बेकार में दुनिया का ध्यान अपने देश के बिगड़े हालात से हटाने की कोशिश की है जहां आतंकी आराम से रहते हैं जबकि आम लोगों, खासकर अल्पसंख्यकों का जीवन दूभर हो गया है।

स्नेहा ने संयुक्त राष्ट्र के सामने दो टूक सुनाया कि जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग रहे हैं और रहेंगे। इसमें वह हिस्सा भी शामिल है जिस पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। हम पाकिस्तान से उसके अवैध कब्जे वाले क्षेत्र फौरन खाली करने की मांग करते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान ने उन लोगों के खिलाफ धार्मिक और सांस्कृतिक नरसंहार छेड़ा जो आज बांग्लादेश है। इस साल उस भयानक त्रासदी के 50 साल पूरे हो गए हैं लेकिन पाकिस्तान ने माना नहीं।

### आतंकियों को पनाह देने का रेक०र्ड

स्नेहा ने कहा कि सदस्य यह जानते हैं कि पाकिस्तान का इतिहास और नीति आतंकियों को पनाह, मदद और खुलेआम सपॉर्ट देने की रही है। यह ऐसा देश है जिसके लिए पूरी दुनिया ने माना है कि यहां सरकारी नीति ही आतंकियों को सपॉर्ट, ट्रेनिंग, वित्तीय और हथियारों में मदद देने की रही है। इसका शर्मनाक रेकॉर्ड UNSC में पहचाने गए आतंकियों को पनाह देने का रहा है।

# कैप्टन समर्थक धर्मसोत व कांगड़ समेत पांच की छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब की नई कैबिनेट का एलान कर दिया गया है। इसमें परगट सिंह, डा. राजकुमार वेरका, गुरकीरत कोटली, कुलजीत सिंह नागरा और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग सहित छह नए चेहरे शामिल किए गए हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह के समर्थक साधू सिंह धर्मसोत, बलबीर सिंह सिद्धू, राणा गुरमीत सिंह और गुरप्रीत कांगड़ सहित पांच पुराने मंत्रियों की छुट्टी कर दी गई है। कैप्टन सरकार के मंत्रिमंडल के आठ वरिष्ठ मंत्रियों पर चन्नी ने भरोसा दिखाते हुए उन्हें दोबारा मौका दिया है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कैबिनेट के विस्तार बारे में राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की। सीएम ने बताया है कि नए मंत्रियों को कल शाम 4.30 बजे शपथ दिलाई जाएगी।

**कैबिनेट में सभी आयु वर्ग का रखा गया ध्यानः** कैबिनेट में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। इनमें नौ जट्ट सिख, तीन अनुसूचित जाति, चार हिंदू, एक पिछड़ा वर्ग और एक अल्प संख्यक वर्ग से रखा गया है। कैबिनेट में हर आयु वर्ग का भी ख्याल रखा गया है। जहां ब्रह्म मोहिंदरा जैसे सीनियर विधायक को लिया गया है वहीं भारत भूषण आशू और विजय इंद्र सिंगला जैसे पहली बार बने विधायकों को भी जगह दी गई है। यूथ कांग्रेस में सेवाएं देने वाले चार नेता विजय इंद्र सिंगला ,कुलजीत नागरा, अमरिंदर सिंह राजवा वडिंग और गुरकीरत कोटली को लिया गया है।

### अलर्ट

■अब हर मंगलवार को बाद दोपहर हुआ करेगी कैबिनेट बैठक

इसके साथ ही मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह ने आदेश दिया है कि हर मंगलवार को दोपहर तीन बजे कैबिनेट की मीटिंग होगी। इसके अलावा उन्होंने अपने मिलने का समय भी तय कर दिया है। वह 11.30 बजे 2.30 बजे तक अपने दफ्तर में राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों और अधिकारियों से मिलेंगे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जमीन खरीद को लैंड जिहाद करार दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। भाजपा सदस्य अजेंद्र अजय ने कुछ महीनों पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने पहाड़ी और पूजा स्थालों में एक खास समुदाय के जमीन खरीदने पर आपत्ति की थी। उन्होंने इस जमीन खरीद को लैंड जिहाद करार दिया था। अब उत्तराखंड सरकार का एक पत्राचार सामने आया है।

### पहाड़ी और पूजा स्थालों में एक खास समुदाय के जमीन खरीदने पर आपत्ति

एक आधिकारिक संचार में कहा गया है, यह उसके संज्ञान में आया है कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में तेजी से जनसंख्या वृद्धि के कारण जनसांख्यिकीय बदलाव आया है, जिसका दुष्परिणाम कुछ समुदायों के लोगों के प्रवास के रूप में दिखना शुरू हो गया था।

सरकार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए डीजीपी, सभी जिलाधिकारियों और एसएसपी को समस्या के समाधान के लिए एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है।

पुलिस और जिला अधिकारियों को ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित करने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।